52

## अधिकारियों पर लगाए भ्रष्टाचार और गौहत्या जैसे गंभीर आरोप, आंदोलन में एकजुट हुए कार्यकर्ता

# गायों की मौत पर भड़का बजरंग दल, लापरवाही के लगाए आरोप

जिले की गौशालाओं में लगातार सामने आ रही अव्यवस्थाओं और कथित रूप से 52 गायों की मौत के मामले ने अब बड़ा राजनीतिक और सामाजिक रूप ले लिया है। बजरंग दल के जिला मंत्री गौरव सेन ने पशुपालन विभाग एवं नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह केवल प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं, बल्कि गौवंश के साथ अमानवीय व्यवहार और गौहत्या जैसी स्थिति है। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि जिले की विभिन्न गौशालाओं को शासन द्वारा जारी की जाने वाली राशि समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका दावा है कि भुगतान में जानबूझकर देरी की गई, जिसके कारण गौशालाओं में चारा, पानी और उपचार जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। उन्होंने आरोप लगाया कि समय पर भुगतान नहीं होने के कारण कई गौशालाओं में गायों को पर्याप्त भोजन और इलाज नहीं मिल पाया, जिसके चलते दर्जनों गायों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन समय रहते अपनी जिम्मेदारी निभाता तो इन बेजुबान पशुओं की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने पशुपालन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी पर भी गंभीर आरोप लगाए। गौरव सेन का कहना है कि संबंधित अधिकारी लगभग दो दशक से अधिक समय से जिले में पदस्थ हैं। उनके अनुसार, शासन के सामान्य स्थानांतरण नियमों के बावजूद इतने लंबे समय तक एक ही स्थान पर बने रहना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध पूर्व में कई शिकायतें और जांच हुई हैं, लेकिन किसी भी मामले में ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि निष्पक्ष जांच तभी संभव होगी जब पहले संबंधित अधिकारी का तत्काल स्थानांतरण किया जाए।

गौरव सेन ने आरोप लगाया कि जिले में पशुपालन विभाग से जुड़ी अनेक योजनाओं में पारदर्शिता का अभाव है और करोड़ों रुपये की योजनाओं के संचालन में अनियमितताओं की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। उनका दावा है कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होना यह संकेत देता है कि कहीं न कहीं पूरे मामले में प्रभावशाली संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने मांग की कि शासन पूरे मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराए ताकि वास्तविक तथ्य सामने आ सकें। नगर निगम प्रशासन पर भी उन्होंने तीखा हमला बोला। उनका आरोप है कि नगर निगम की गौशालाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। गौशालाओं में क्षमता से अधिक गायें रखी जा रही हैं, जबकि चारा, पानी और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में लगातार गायों की मौत की खबरें सामने आने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने संवेदनशीलता नहीं दिखाई और न ही किसी अधिकारी की जवाबदेही तय की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि गायों की मौत के वास्तविक आंकड़ों को भी छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।

बजरंग दल नेता ने यह भी आरोप लगाया कि गौशालाओं के संचालन में मिलने वाली राशि का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। उनका कहना है कि यदि शासन द्वारा आवंटित धन का सही उपयोग किया जाता तो गायों की यह स्थिति कभी उत्पन्न नहीं होती। उन्होंने पूरे वित्तीय लेन-देन का ऑडिट कराने तथा जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच कराने की मांग की।

मंगलवार को नगर निगम की पिंजरा गाड़ी को रोकने की घटना का उल्लेख करते हुए गौरव सेन ने कहा कि निगम कर्मचारी आवारा घूम रही गायों को पकड़कर गौशाला ले जा रहे थे। उनका कहना था कि जब पहले से गौशालाओं में अव्यवस्था और गायों की मौत की घटनाएं सामने आ रही हैं, तब स्वस्थ गायों को वहां भेजना उचित नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कई बार समझाने के बावजूद निगम कर्मचारियों ने कार्रवाई नहीं रोकी, जिसके बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पिंजरा गाड़ी का दरवाजा खोलकर गायों को मुक्त करा दिया।

गौरव सेन ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद नगर निगम प्रशासन ने गौ रक्षा करने वाले कार्यकर्ताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए तो उन अधिकारियों के खिलाफ होनी चाहिए जिनकी लापरवाही के कारण दर्जनों गायों की मौत हुई। उनका कहना है कि गौ संरक्षण के लिए आवाज उठाने वालों को ही आरोपी बनाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे समाज में गलत संदेश जाएगा।



### बजरंग दल ने सीएम, एसपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की

उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में गौ माता का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। ऐसे में गौशालाओं में लगातार हो रही मौतें करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने इस गंभीर विषय को संवेदनशीलता से नहीं लिया और समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए।बजरंग दल ने मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि गौशालाओं में नियमित रूप से चारा, पानी और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं,



भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए, दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा गौशालाओं की कार्यप्रणाली की स्वतंत्र जांच कराई जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो जिलेभर में व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उल्लेखनीय है कि गौशालाओं में गायों की मौत का मामला अब जनचर्चा का विषय बन चुका है। सामाजिक संगठनों द्वारा भी पारदर्शी जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई जा रही है। अब सबकी निगाहें प्रशासन और शासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं कि इस गंभीर मामले में जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कदम उठाए जाते हैं या नहीं।



## विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस पर महिला थाना का जागरूकता अभियान



**छिंदवाड़ा।** विश्व मानव तस्करी/दुरव्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में महिला थाना छिंदवाड़ा द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला थाना प्रभारी अरुणा वाहने के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्लम क्षेत्रों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों को मानव तस्करी के प्रति जागरूक किया।अभियान के दौरान नागरिकों को बताया गया कि मानव तस्करी एक गंभीर अपराध है, जिसके शिकार प्रायः महिलाएं और बच्चे होते हैं। पुलिस ने तस्करी के तरीकों, पहचान और बचाव के उपायों की जानकारी देते हुए संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल डायल 112 पर देने की अपील की। इस दौरान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता पंपलेट भी लगाए गए। पुलिस ने बताया कि ऐसे जनजागरूकता अभियान आगे भी लगातार संचालित किए जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने झूठ की राजनीति को किया बेनकाब : विधायक सुनील उईके

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक सुनील उईके ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह के विरुद्ध कोयला ब्लॉक आवंटन मामले में आपराधिक कार्यवाही समाप्त किए जाने के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला केवल एक व्यक्ति को न्याय मिलने का मामला नहीं है, बल्कि वर्षों तक लगाए गए राजनीतिक आरोपों और प्रचार की राजनीति पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।विधायक उईके ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह देश के सबसे ईमानदार, विद्वान और सादगीपूर्ण प्रधानमंत्रियों में से एक थे। इसके बावजूद राजनीतिक लाभ के लिए उनकी छवि और ईमानदारी पर सवाल उठाए गए। उन्होंने कहा कि वर्षों तक उन्हें भ्रष्टाचार के आरोपों से जोड़कर राजनीतिक निशाना बनाया गया, लेकिन अब सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने स्पष्ट कर दिया है कि उनके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही आगे बढ़ाने का आधार न्यायिक कसौटी पर टिक नहीं सका।उन्होंने कहा कि अन्ना आंदोलन के दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ बने जनाक्रोश के माहौल में तत्कालीन यूपीए सरकार और विशेष रूप से डॉ. मनमोहन सिंह को कठघरे में खड़ा किया गया। आरोपों को इस तरह प्रचारित किया गया, जैसे वे न्यायालय द्वारा प्रमाणित तथ्य हों। उईके ने कहा कि अब सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद उन सभी लोगों को आत्ममंथन करना चाहिए, जिन्होंने बिना अंतिम न्यायिक निष्कर्ष के डॉ. मनमोहन सिंह की प्रतिष्ठा पर सवाल उठाए थे।विधायक ने मीडिया की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उस दौर में मीडिया के एक बड़े वर्ग ने टीआरपी और सनसनी की प्रतिस्पर्धा में आरोपों को प्रमुखता से प्रसारित किया। लोकतंत्र में मीडिया को चौथा स्तंभ माना जाता है, लेकिन यदि न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही किसी व्यक्ति को दोषी की तरह प्रस्तुत किया जाए, तो इससे उसकी सार्वजनिक प्रतिष्ठा को अपूरणीय नुकसान हो सकता है।

## 1.58 करोड़ रुपये की संभावित लागत से बदली जाएंगी चिन्हित 29 जर्जर पाइपलाइनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। महापौर श्री विक्रम अहके के सतत प्रयासों से नगर निगम द्वारा जर्जर पेयजल पाइपलाइन परियोजना के अंतर्गत महत्वपूर्ण स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के निर्देशानुसार कराए गए सर्वे में चिन्हित किए गए कुल 29 जर्जर पाइपलाइन बदलने के कार्यों को सम्मिलित किया गया है, जिस पर लगभग 1.58 करोड़ रुपये का व्यय संभावित है।

उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा शहर के सभी 48 वार्डों में अंडरग्राउंड पाइपलाइन के माध्यम से जलापूर्ति की जाती है। समय बीतने के साथ कई क्षेत्रों में पाइपलाइन अत्यधिक क्षतिग्रस्त व जर्जर हो चुकी हैं, जिससे विशेषकर बारिश के मौसम में दूषित जल मिलने और जल रिसाव की शिकायतें सामने आती थीं। नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ी इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए महापौर द्वारा लगातार प्रयास किए गए, जिसके सुखद परिणामस्वरूप 1.58 करोड़ रुपये की संभावित लागत से 29 महत्वपूर्ण स्थानों की पाइपलाइनों के कायाकल्प का रास्ता साफ हुआ है।

## अभी तक 476.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 476.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 596.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 30 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 46.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 30 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील छिंदवाड़ा में 22.4, मोहखेड़ में 15.4, तामिया में 70, अमरवाड़ा में 41.4, चौरई में 24, हर्रई में 143.4, बिछुआ में 12.6, परासिया में 49.1, जुन्नारदेव में 61.4, चांद में 18 और उमरेठ में 51.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### गैस कटर-देसी कट्टा समेत चोरी का सामान बरामद, खबरी से मिली सूचना पर घेराबंदी

# ATM लूट की साजिश नाकाम: पुलिस ने दो अंतरराज्यीय बदमाशों को धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

बैतूल शहर के खेड़ी क्षेत्र स्थित एक एटीएम को गैस कटर से काटकर लाखों रुपये चोरी करने की साजिश को पुलिस ने समय रहते नाकाम कर दिया। मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने महाराष्ट्र निवासी दो अंतरराज्यीय बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गैस कटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और चोरी की वारदातों में इस्तेमाल होने वाला अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस को आशंका है कि दोनों आरोपी मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं एसडीओपी श्वेता पटले के मार्गदर्शन में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। थाना बैतूल बाजार प्रभारी निरीक्षक रविकांत डहेरिया के नेतृत्व में पुलिस ने सूचना मिलते ही संदिग्धों की घेराबंदी कर उन्हें धर दबोचा।

### दोनों आरोपी महाराष्ट्र के निवासी

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महाराष्ट्र के अमरावती जिले के रहने वाले दो युवकों के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि दोनों एक संगठित गिरोह से जुड़े हैं और विभिन्न राज्यों में एटीएम व संपत्ति संबंधी अपराधों में उनकी भूमिका रही है।पुलिस अब आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों, पूर्व में हुई वारदातों तथा चोरी के नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। इस कार्रवाई को बैतूल पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### रात में एटीएम काटने की थी तैयारी

पुलिस के अनुसार 29 जुलाई की रात सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध युवक खेड़ी क्षेत्र के पास एटीएम मशीन को गैस कटर से काटने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने एटीएम में चोरी की योजना स्वीकार की। पुलिस ने उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### गैस कटर से लेकर देसी कट्टा तक मिला

तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से गैस कटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, लोहे के औजार, देसी कट्टा, जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन, बाइक तथा वारदात में उपयोग होने वाला अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस जब्त सामग्री की जांच कर रही है और आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

## स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाए जाने का कांग्रेस ने किया विरोध

**परासिया :** पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ी हुई कीमतों के बाद सरकार ने जनता पर महंगाई का एक और बम फोड़ दिया है । पहले से त्रस्त और परेशान जनता पर अबकी बार स्टाम्प शुल्क बढ़ाया जाना , किसी झटके से कम नहीं है । स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाए जाने का परासिया कांग्रेस ने पुरजोर विरोध करते हुए ज्ञापन दिया है ।हाल ही में सरकार ने अनुबंध , शपथ पत्र और रजिस्ट्री सहित अन्य कार्यों पर पूर्व की तुलना में अब चार और पांच गुना से भी अधिक शुल्क बढ़ा दिया है । लगातार बढ़ती हुई महंगाई के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपकर जनता की व्यथा व्यक्त की। ब्लाक अध्यक्ष कमल राय ने कहा , कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने एक बार फिर जनता की जेब खाली करने और आर्थिक रूप से नागरिकों का गला काटने के लिए स्टाम्प शुल्क में सीधे दोगुनी बढ़ोत्तरी कर दी है । इसका नकारात्मक प्रभाव प्रत्येक व्यक्ति पर पड़ना है , क्योंकि शपथ पत्र और किराया अनुबंध जैसे कार्य लगभग हर व्यक्ति किसी करता है । ऐसे में उन्हें अब अधिक मूल्य चुकाने पड़ेंगे और इसका असर उनकी आय पर पड़ेगा । बढ़ती हुई महंगाई के कारण आय की तुलना में खर्च अधिक हो रहे हैं जिसके कारण सामान्य आय वालों के साथ ही किसान और मजदूर वर्ग अपनी आदमी का एक हिस्सा भी आने वाली पीढ़ी के लिए बचाने में असमर्थ है । ज्ञापन कार्यक्रम में कमल राय , अलाउद्दीन खान , देवीराम विश्वकर्मा , शंकर लाल साहू , चन्द्र भूषण डेहरिया , जाहिद कुरैशी , रामनारायण तिवारी , राजा राय , इरफान खान , उत्कर्ष बाल्मीक , वीर बहादुर सिंह , मुकुल दुबे , इरशाद बेग , रूबल भमरा , अशोक डेहरिया , स्वपनिल करानिया , मजीद खान , रमन ब्रहमें , समुन्दर कैथवास , शाहिद खान , लोकेश यदुवंशी , विक्की गौर , बसन्त मालवी , प्रतिभा सोनी , अंजली श्रीवास्तव , सावित्री वर्मा ज्योति , कैथवास वन्दना यादव उपस्थित थीं ।

## जीएम से चर्चा के बाद प्रस्तावित चक्का जाम आंदोलन स्थगित

**परासिया :** ग्राम पंचायत इकलेहरा द्वारा 1 अगस्त को प्रस्तावित धरना , चका जाम आंदोलन स्थगित कर दिया है । भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया की उपस्थिति में पेंच कोयला क्षेत्र के महाप्रबंधक विकास अग्रवाल के साथ हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है । सरपंच साधना दास ने बताया , कि ग्राम इकलेहरा के कुछ वार्डो में वेकोलि के द्वारा मोटर पंप की सहायता से पानी सप्लाई की जाती है , लेकिन कुछ महीने से लापरवाही के कारण पानी नहीं मिल रहा है । दो माह से स्थिति बहुत खराब हो गई है । वेकोलि प्रबंधन कभी मोटर , कभी लीड जलने , लो वोल्टेज की समस्या बताकर अपना पल्ला झाड़ लेता है । चर्चा में जीएम ने मोटर पंप चालूकर करने की बात कही और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ।बैठक के दौरान भाजपा विधान सभा प्रभारी ज्योति डेहरिया ने विधान सभा क्षेत्र में सीएसआर मद से ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने तथा बंद कोयला खदानों के क्षेत्र में बिजली , पानी , सफाई सहित अन्य विषयों पर चर्चा की । भमोड़ी सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने वेकोलि का अनुपयोगी लैंप रुम भवन सार्वजनिक कार्यों के लिए अथवा स्व सहायता समूह को आबंटित करने का मांग संबंधी पत्र सौंपा । बैठक में विधान सभा प्रभारी ज्योति डेहरिया , इकलेहरा सरपंच साधना दास , भमोड़ी सरपंच विपिन श्रीवास्तव , राजेश डेहरिया उपस्थित रहे ।

## परासिया जनपद में सेवानिवृत्त सचिवों को भावभीनी विदाई, नशा मुक्ति का भी दिया संदेश

**परासिया।** जनपद पंचायत परासिया सभागार में गुरुवार को सेवानिवृत्त सचिव धर्मा पवार (ग्राम पंचायत रिधोरा) और सागर शाह (ग्राम पंचायत मंडला) के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। जनपद उपाध्यक्ष जमील खान और सीईओ वर्षा झारिया सहित अधिकारियों ने शॉल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके योगदान की सराहना की। सेवानिवृत्त सचिवों ने अपने अनुभव साझा किए, वहीं सहकर्मियों ने भावुक संस्मरण सुनाए। समारोह से पूर्व एसडीओपी जितेंद्र सिंह जाट और थाना प्रभारी ईश्वरी पटले ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया।

# कुआंबादला सर्कल में नहीं थम रही सागौन कटाई और रेत चोरी

## नवागत रेंजर के बाद भी नहीं रुक पा रहे वन अपराध, वनकर्मियों का मिल रहा संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तामिया, बाबा ठाकुर



तामिया वन परिक्षेत्र के कुआं बादला सर्कल में सागौन की अवैध कटाई और वन भूमि से रेत के अवैध उत्खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेंजर के तबादले के बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी कि जंगलों में सक्रिय लकड़ी और रेत माफियाओं पर प्रभावी कार्रवाई होगी, लेकिन नए रेंजर के पदभार संभालने के बाद भी हालात में कोई खास बदलाव दिखाई नहीं दे रहा है। लगातार सामने आ रही घटनाओं ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।बताया जा रहा है कि कुछ समय पहले इस क्षेत्र में सागौन की अवैध कटाई का मामला सामने आया था, जिसे स्थानीय स्तर पर प्रमुखता से प्रकाशित भी किया गया।

आरोप है कि इसके बावजूद संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों ने न तो मामले की गंभीरता से जांच की और न ही अधीनस्थ वन कर्मचारियों से जवाब-तलब किया। इसका परिणाम यह रहा कि हाल ही में रीछडोबरा जंगल के समीप फिर एक सागौन का पेड़ काट दिया गया। लगातार हो रही घटनाओं से यह सवाल उठ रहा है कि आखिर वन अमला जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में क्यों विफल साबित हो रहा है।दूसरी ओर कुआं बादला सर्कल में वन भूमि से रेत के अवैध उत्खनन और भंडारण का कारोबार भी खुलेआम जारी होने के आरोप लग रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खुट्टी वन क्षेत्र की नदी से लंबे समय से रेत निकालकर वन भूमि में ही बड़े पैमाने पर भंडारण किया जा रहा है। वहीं दौरियांखेड़ा बीट के धोखेड़ा जंगल में सड़क किनारे वन भूमि पर रेत का अवैध भंडारण होने की भी शिकायतें सामने आई हैं। इसके अलावा कुर्सीढाना बीट के बागई जंगल से भी कई महीनों से लगातार रेत चोरी होने के आरोप लगाए जा रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि यदि वन विभाग नियमित गश्त और निगरानी करे तो इस तरह की गतिविधियों पर आसानी से रोक लगाई जा सकती है।

उनका यह भी कहना है कि मैदानी स्तर पर तैनात कुछ कर्मचारियों की संदिग्ध भूमिका के कारण रेत और लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराएं, अवैध कटाई और रेत उत्खनन में संलिप्त लोगों के साथ यदि किसी कर्मचारी की भूमिका सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाए।

लोगों का कहना है कि एक ओर विभाग वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के अभियान चला रहा है, वहीं दूसरी ओर जंगलों में प्राकृतिक संसाधनों की लगातार हो रही लूट पर्यावरण संरक्षण के दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। अब क्षेत्रवासियों की नजर इस बात पर है कि विभाग इस मामले में कब और कितनी प्रभावी कार्रवाई करता है।

# शासकीय महाविद्यालय दमुआ में मनाया गया गुरु पूर्णिमा व्यास पूजा दिवस



दमुआ। शासकीय महाविद्यालय दमुआ में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर व्यास पूजा दिवस श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में महाविद्यालय में पधारे पंडित शंभु पाण्डे जी द्वारा मंत्रों के उपचारन के साथ पूजन अर्चन द्वारा किया गया ।इस पावन अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, सुगम गीत एवं स्लोगन द्वारा गुरुओ का मान सम्मान किया गया । इस उपलक्ष्य में मेधावी विद्यार्थिओ का सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं उपहार द्वारा किया गया ।संयोजन सुषमा टांडेकर, डॉ. सरिता पाल, घनश्याम मालवीय एवं कंचन चंद्रवंशी द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता श्री नीरज कुमार सल्लाम, डॉ. विनिता धुर्वे एवं डॉ. पुष्पा मौर्य ने कहा कि गुरु का स्थान सर्वोपरि है। प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास जी द्वारा पंडित श्री शंभू पांडे जी का साल एवं श्रीफल से स्वागत किया गया।कार्यक्रम में महर्षि संदीपनी एवं माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही ज्ञान का मार्ग प्रशस्त करते हैं और जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ में श्री राजकुमार कुशवाह, डॉ. विमल कुमार कौशले, डॉ. दिलीप ढोबाले, डॉ. विनिता धुर्वे, डॉ. पुष्पा मौर्य, सुषमा टांडेकर, दिनेश इबनाती, साक्षी कहार, महेश भारती, मोरेश्वर कराड़े, सुखमन भारती, ढोंढू तेकाम सहित अन्य स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन सभी द्वारा गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# रंगारीठोका में धूमधाम से मनाई गुरु पूर्णिमा



सौंसर। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रंगारी ठोका स्थित ऐतिहासिक पंचमुखी हनुमान मंदिर में इस वर्ष गुरु पूर्णिमा का पर्व अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान, अभिषेक और महाआरती का आयोजन किया गया।श्री पंचमुखी हनुमान धाम सेवा समिति के अध्यक्ष आनंद ठाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्री पंचमुखी हनुमान के अभिषेक, महाआरती और पूजन का मुख्य मोहोड सह-परिवार) को प्राप्त हुआ। पंडित प्रमोद महाराज चांद्रायण द्वारा संपूर्ण विधि-विधान के साथ यह धार्मिक अनुष्ठान मोहोड दंपति के हाथों से संपन्न कराया गया। अध्यक्ष आनंद ठाकरे ने बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा को आयोजित होने वाली यह महापूजा वर्ष 2007 से निरंतर जारी है, जिसे सफलतापूर्वक 20 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। यह सेवा समिति के सदस्यों की अटूट भक्ति भावना का एक अनुपम उदाहरण है। उन्होंने बताया कि यह पावन धाम परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री 1008 श्री स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज (महामंडलेश्वर, डभोई, गुजरात) एवं श्री गुरुवर्य सोपान काका पारवे के कृपा आशीर्वाद से स्थापित हुआ है। समिति की ओर से दोनों गुरुजनों को गुरु पूर्णिमा की मंगलमय शुभकामनाएं दी गईं।ग्रामीणों की पंचमुखी हनुमान के प्रति गहरी आस्था है। वर्ष 2014 से यहां विराजमान पंचमुखी हनुमान जी की कृपा से गांव में ओले न गिरने जैसी मान्यता जुड़ी हुई है।

## लक्ष्मीप्रसाद ने प्राप्त की पत्रकारिता में एम.जे.एम.सी. की डिग्री



जुन्नारदेव। पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए लक्ष्मी प्रसाद नागवंशी ने मास्टर ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (MJMC) की डिग्री मध्य प्रदेश भोज ओपन यूनिवर्सिटी से सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। एमजेएमसी की पढ़ाई पूरी होने पर क्षेत्र के पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि से पत्रकारिता के क्षेत्र में उनकी ज्ञान, कौशल एवं व्यावसायिक क्षमता में और अधिक वृद्धि होगी। लक्ष्मी प्रसाद नागवंशी ने कहा कि पत्रकारिता समाज का सशक्त दर्पण है और वे निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं जनहित की पत्रकारिता के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, गुरुजनों एवं शुभचिंतकों को दिया, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से यह उपलब्धि संभव हो सकी।क्षेत्रवासियों ने आशा व्यक्त की है कि श्री नागवंशी भविष्य में भी पत्रकारिता के माध्यम से समाज और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सामने लाने का कार्य करते रहेंगे।

## मेहरा डेहरिया समाज समिति की बैठक, श्रद्धांजलि कार्यक्रम व वृक्षारोपण पर बनी सहमति



दमुआ। मेहरा डेहरिया समाज समिति दमुआ की आवश्यक बैठक गुरुवार को श्री साईं मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 2 अगस्त को जिले के लोकप्रिय दिवंगत अध्यक्ष स्व. लोकेश डेहरिया की श्रद्धांजलि सभा में दमुआ ब्लॉक से अधिकाधिक सामाजिक बंधुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। साथ ही समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान चलाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया।बैठक के बाद समाज की नई परंपरा के तहत समिति के ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश डेहरिया का जन्मदिन सामाजिक साथियों की उपस्थिति में केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपस्थित सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लखन पंडोले, जिला उपाध्यक्ष सोहन चौहान, विनोद पंडोले, सोनू डेहरिया, उमेश डेहरिया, कैलाश सोने, अजयपाल डेहरिया, अन्नू बिसंदरे, युवा प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष शेखर पंडोले, रामकृष्ण डेहरिया, अनिल बेले, कमलकांत डेहरिया सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## पिपला में स्कूल को लेकर नागरिकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सौंसर। नगर पिपला में शासकीय प्राथमिक शाला (हिंदी एवं मराठी) परिसर में बिना अनुमति कमरा तोड़े जाने और विद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार लंबे समय से बंद रखने के मामले में नागरिकों का आक्रोश फूट पड़ा है। गुरुवार को पिपला के नागरिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व - एसडीएम) सौंसर को एक गंभीर ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की।सौंपे गए ज्ञापन में नागरिकों ने आरोप लगाया है कि नगर परिषद पिपला द्वारा शिक्षा विभाग की किसी भी प्रकार की पूर्व अनुमति या वैध प्रक्रिया के बिना शासकीय स्कूल के कमरे को ध्वस्त कर दिया गया है, जो कि पूरी तरह से अनुचित है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार पिछले लंबे समय से बंद रखा गया है, जिसके कारण स्कूल आने वाले नन्हें विद्यार्थियों, उनके पालकों और स्थानीय नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



# पनारा में झाड़ियों से घिरा सड़क मार्ग, आवागमन हुआ जोखिम भरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुन्नारदेव



जनपद पंचायत जुन्नारदेव अंतर्गत ग्राम पंचायत पनारा के वार्ड क्रमांक 7 में बरसात के दौरान सड़क मार्ग पर उगी घनी झाड़ियों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सड़क के दोनों ओर फैली झाड़ियां अब इस कदर बढ़ गई हैं कि उन्होंने मार्ग को लगभग ढंक लिया है। इससे ग्रामीणों के साथ-साथ दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भी आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से झाड़ियों की कटाई-छंटाई नहीं होने के कारण सड़क संकरी हो गई है। वाहन चलाते समय झाड़ियां सीधे चेहरे, हाथ, पैर और आंखों से टकराती हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विशेष रूप से रात के समय स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि अंधेरे में सड़क स्पष्ट दिखाई नहीं देती और झाड़ियों के कारण वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ने का खतरा रहता है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार संबंधित जिम्मेदारों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। बरसात के मौसम में सड़क किनारे उगी झाड़ियों की नियमित सफाई नहीं होने से ग्रामीणों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों, किसानों और अन्य राहगीरों को भी इसी मार्ग से गुजरना पड़ता है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है।

ग्रामीणों ने कहा कि चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं बेहतर करने और समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का वादा किया था, लेकिन आज तक इस सड़क की सुध नहीं ली गई। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते झाड़ियों की सफाई नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।ग्रामीणों ने जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों से तत्काल सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटाई कर मार्ग को सुरक्षित और सुगम बनाने की मांग की है।

# अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर खैरलांजी वन परिक्षेत्र में निकाली गई जागरूकता रैली, ग्रामीणों को दिया वन एवं वन्यजीव संरक्षण का संदेश




हरिभूमि न्यूज बालाघाट। अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर 29 जुलाई को दक्षिण सामान्य वनमंडल बालाघाट के खैरलांजी वन परिक्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य वन संरक्षक गौरव चौधरी, दक्षिण सामान्य वनमंडल बालाघाट के वनमंडल अधिकारी नित्यानंदम एल. तथा उपवनमंडल अधिकारी कटंगी यशपाल मेहरा के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी. वासनिक के नेतृत्व में विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों को बाघों एवं वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः वन परिक्षेत्र कार्यालय खैरलांजी से हुई, जहां से वन अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम वन समितियों के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं श्रमिकों की सहभागिता में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने ₹बाघ है जंगल के जीवन की डोर, इसे न तोड़ो, इसे न मारो₹ जैसे प्रेरणादायी स्लोगन लगाए और लोगों को बाघों के महत्व से अवगत कराया।

रैली का मार्ग भोरगढ़, छतेरा, टुइयापार, पुलपुट्टा, हरदौली, गोसाई गर्रा, मीरापुर, कटोरी एवं मुरझड़ सहित विभिन्न ग्रामों से होकर गुजरा। प्रत्येक गांव में ग्राम वन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीणों को वन एवं वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता, पर्यावरण संतुलन तथा मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान का समापन पुनः वन परिक्षेत्र कार्यालय खैरलांजी में हुआ।

कार्यक्रम में सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी संजय विश्वकर्मा, अमोल धुर्वे एवं विजय कुर्वे, वनपाल सुनील गौतम, धनराज लिल्हारे, चंद्रकुमार कड़ाव, वनरक्षक मनीष पतले सहित अन्य वन कर्मचारी, ग्राम वन समिति के अध्यक्ष, समिति सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी. वासनिक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि पूरे वन तंत्र की जीवनरेखा है। बाघों की मौजूदगी स्वस्थ एवं समृद्ध जंगलों का संकेत होती है। यदि बाघ सुरक्षित रहेंगे तो जंगल सुरक्षित रहेंगे और जंगल सुरक्षित रहेंगे तो जल, जंगल और पर्यावरण का संतुलन भी बना रहेगा। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। ग्रामीणों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की वन्यजीव गतिविधि, शिकार या अवैध कटाई की जानकारी तत्काल वन विभाग को दें और संरक्षण के इस अभियान में सक्रिय भागीदार बनें। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस का उद्देश्य लोगों को बाघों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना और प्राकृतिक आवासों को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है। ग्रामीणों ने भी वन विभाग के इस अभियान में सहयोग देने तथा वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

खैरलांजी वन परिक्षेत्र में आयोजित यह जागरूकता अभियान ग्रामीणों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ बाघ संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहा।

# 60-70 साल से विकास की राह ताक रहा सुईटोला, बदहाल सड़क पर थम गई जिंदगी, अब फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

### बरसात में एम्बुलेंस नहीं पहुंचती, ढोए जाते है ट्रैक्टर से मरीज, प्रसव के दौरान दो नवजातों की मौत का आरोप



हरिभूमि न्यूज लाँजी । जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कारंजा का सुईटोला आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। आजादी के दशकों बाद भी कारंजा पावर हाउस से सुईटोला तक जाने वाला मार्ग पक्की सड़क का इंतजार कर रहा है। बरसात शुरू होते ही यह रास्ता कीचड़ और गहरे गड्ढों में तब्दील हो जाता है, जिससे पूरा गांव मानो मुख्यधारा से कट जाता है। परेशान ग्रामीणों ने अब पंचायत को लिखित आवेदन देकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अथवा अन्य शासकीय योजना के तहत पक्की सड़क निर्माण का प्रस्ताव तत्काल भेजने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से केवल आश्वासन मिलते रहे, लेकिन धरातल पर एक भी ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीण चैतराम भैयालाल सोनवाने ने बताया कि सड़क की बदहाली अब लोगों की जान पर भारी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में हौसलाल बिसेन की तबीयत बिगडऩे पर एम्बुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी और उन्हें ट्रैक्टर के सहारे मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ा। उनका कहना है कि पंचायत में शिकायत करने पर सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधीन बताकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है, जबकि जनप्रतिनिधियों से भी केवल आश्वासन ही मिला है। गर्मी में कोई सुध नहीं ली जाती और बरसात आते ही पूरा गांव संकट में फंस जाता है। ग्रामीण महिला कंचना पुरुषोत्तम पटले ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि खराब सड़क के कारण प्रसव पीड़ित महिलाओं को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका, जिसके चलते गांव के दो नवजातों की मौत हो चुकी है। उनका कहना है कि यदि सड़क समय पर बन जाती तो शायद ये दुखद घटनाएं टाली जा सकती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सुईटोला विकास की दौड़ में पूरी तरह उपेक्षित है। गांव में न बेहतर सड़क है और न ही पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था। बिजली के पोल और लाइन तो बिछा दिए गए, लेकिन आज तक ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया, जिससे ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि सुईटोला को बसे लगभग 60 से 70 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन आज भी गांव बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। उनका आरोप है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही जनप्रतिनिधि गांव की ओर मुड़कर भी नहीं देखते। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि गांव के लोगों को चुनाव लडऩे तक से हतोत्साहित किया जाता है, जिससे उनकी आवाज दबकर रह जाती है। विद्यार्थियों ने भी चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सड़क निर्माण या कम से कम मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे स्कूल का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने रास्ता रोको आंदोलन, सड़क पर जुताई कर धान की रोपाई जैसे प्रतीकात्मक विरोध की भी घोषणा की है। ग्रामीण विनायक चैतराम सोनवाने ने कहा कि वे तत्काल पक्की सड़क की मांग नहीं कर रहे, लेकिन कम से कम इतना तो किया जाए कि बरसात में लोग सुरक्षित आवागमन कर सकें।

# विश्व बाघ दिवस पर वन परिक्षेत्र किरनापुर सामान्य ने जागरूकता बढ़ाने किए गए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज किरनापुर। मुख्य वन संरक्षक एवं वन मंडलाधिकारी दक्षिण सामान्य, उपवन मंडलाधिकारी लांजी के निर्देश में वन परिक्षेत्र किरनापुर सामान्य सुरेंद्र शेंण्डे के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र के अंतर्गत विश्व बाघ दिवस के उपलक्ष्य में 29 जुलाई 2026 को समस्त कर्मचारियों द्वारा बाघ को सुरक्षित करने हेतु शपथ ली गई। तत्पश्चात बाइक रैली जन जागरण को जागरूक करने हेतु निकाली गई। एवं शासकीय हाई स्कूल किन्ही के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व बाघ दिवस के अवसर पर वन्य जीव बाघ के संबंध में चित्रकला का आयोजन किया गया। एवं स्कूली बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। और वन समिति स्तर पर भी ग्रामीणों को वन- एवं वन्यजीवों सुरक्षा हेतु जागरूक करने का संकल्प लिया गया। जिसमें परिक्षेत्र के समस्त कर्मचारियों का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन को बाघों और अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा जंगलों की सुरक्षा का संदेश देना । इस दौरान प्रतिभागियों ने बाघ बचाओ, जंगल बचाओ, जीवन बचाओ तथा वन्य जीवों का सम्मान करें, बाघों का संरक्षण करें जैसे संदेशों के माध्यम से नागरिकों को वन्यजीव संरक्षण का महत्व समझाया।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि पूरे वन पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बाघों की सुरक्षा से जंगल सुरक्षित रहते हैं और जंगल सुरक्षित रहने से जैवविविधता तथा पर्यावरण का संतुलन बना रहता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह वन्यजीवों के संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। वन विभाग ने कहा कि बाघ संरक्षण सप्ताह के माध्यम से आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आने वाली पीढियों के लिए प्राकृतिक धरोहर और वन्यजीवों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में किरनापुर वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मृतक के मायके पक्ष ने वारासिवनी थाना पहुंचकर दिया ज्ञापन

# मृतक माया राहंगडाले के पिता गणेश बोपचे ने पति महेंद्र राहंगडाले पर लगाया हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



थाना के ग्राम शेरपार निवासी 42 वर्षीय माया राहंगडाले का शव पुलिस ने उनके ही घर के पीछे कुएं से 27 जुलाई सोमवार की सुबह बरामद किया है।परिजनों ने पुलिस को बयान दिए अनुसार माया पति महेंद्र राहंगडाले की मौत की वजह पानी भरते समय कुएं में गिरने से बताया था।लेकिन अब मृतक माया राहंगडाले के मायके पक्ष ने इसे एक हादसा नहीं बल्कि उसके ही पति महेंद्र राहंगडाले पर हत्या का आरोप लगाया है।और 30 जुलाई को वारासिवनी थाना पहुंचकर पति महेंद्र राहंगडाले के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है।इस दौरान सुभाष बोपचे,रमेश बोपचे,अजय बोपचे,एमपी ठाकरे मौजूद रहे।

मृतक माया राहंगडाले के पिता गणेश बोपचे ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पूर्व ग्राम शेरपार निवासी महेंद्र राहंगडाले के साथ मेरी पुत्री का विवाह समाज की पूरे रीति रिवाज के साथ हुआ था।शादी के बाद से ही महेंद्र राहंगडाले शराब पीकर मारपीट करता था।कई बार मेरी बेटी माया मायके आ जाती थी।मगर पति महेंद्र द्वारा हमेशा यही कहा जाता था।की मै अब ऐसी हरकते नहीं करूंगा।हमारे द्वारा बार-बार समझाने के बाद भी नहीं सुधरा,बच्चों के कारण मेरी बेटी अपने सुसराल चली जाती थी।हादसे की सुबह दामाद महेंद्र राहंगडाले ने मेरे बेटे ललित बोपचे को कॉल करके बताया कि माया लापता हो गई है।कुछ देर बाद हमने फिर दामाद महेंद्र राहंगडाले को कॉल किया तो बताया कि माया का शव कुएं में मिला है।हमें शक है कि माया ने कुएं में कूदकर आत्महत्या नहीं की है।बल्कि उसके पति महेंद्र राहंगडाले ने उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंका है।

# सरस्वती स्कूल में मनाई गई गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। जिसमें किशोर भारती अध्यक्ष कुमारी यामिनी भौरगढे एवं सचिव कनक बिसन ने विद्यालय के भैया बहनों के साथ सभी गुरुओं का तिलक अभिनंदन एवं श्रीफल द्वारा सम्मान किया । मुख्य अतिथि के रूप में अमित मेश्राम रियल स्टेट एडवाइजर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय अधीक्षक जितेंद्र टेम्भरे ने की। मां सरस्वती एवं गुरु महर्षि वेदव्यास के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का अतिथि परिचय एवं तिलक अभिनंदन कर श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत एवं भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किया, जिसमें गुरु के महत्व को बताया गया। मुख्य अतिथि ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सम्मान के विशेष पात्र बताया। अधीक्षक जितेंद्र टेंभरे ने भी गुरु के अपार महत्व को समझाया। गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है, अंधकार से ज्ञान की ओर हमेशा गुरु रास्ता दिखाता है। जो निष्पक्ष अपना कार्य करता है। कार्यक्रम में श्रीमती पल्लवी चित्रीव शिक्षिका, महिमा नेवारे, यामी वासनिक, लावण्या भोरगढे, हेमाशी ठाकरे , प्रिंसी पटले, प्रांसी चौधरी , कनक बिसेन, हिमानी, निकिशा, डिंपल, एलिजा, लावण्या पटले ,निशांत टेंभरे, प्रिंस भगत ने अपनी प्रस्तुति दी।



## खबर संक्षेप



### प्रदेश में उत्कृष्टता समारोह पर पांचवां स्थान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट मे आयोजित शिवलाल उत्कृष्टता समारोह 2026 के अर्तगत मप्र कि मेरिट लिस्ट में पांचवा स्थान सुनिनिश्चित करने पर कुमारी प्रीति पटले पिता खरगपाल पटले को सम्मानित किया गया ग्राम काचना को 5100 परितोषिक प्रदान किया गया उ.वि. विद्यालय एवं प्राचार्य श्री बिसेन के द्वारा उज्वल भविष्य की कामना की।

### गुरु पूर्णिमा पर गायत्री यज्ञ सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज । छपारा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ छपारा में आज सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सामूहिक साधना किया गया, इसके बाद 10 बजे से मंदिर परिसर में 3 कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी मात्रा में गायत्री शक्ति पीठ के परिजन यज्ञ में शामिल होकर आहुति डाली गई, यज्ञ सम्पन्न होने के पश्चात भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया, जहां सभी ने महाप्रसाद ग्रहण किया।



### सरस्वती शिशु मंदिर चक्की खमरिया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गुरु शिष्य परंपरा हमारे सनातन संस्कृति की महान धरोहर है और गुरु पूर्णिमा पर्व इस महान धरोहर का प्रतीक रहा है द्य इस पावन पर्व के सम्मान में 29 जुलाई 2026 दिन बुधवार को जिला शिक्षक कल्याण सहकारी समिति मर्यादित सिवनी मध्य प्रदेश के तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा पर्व का सरस्वती शिशु मंदिर चक्की खमरिया विद्यालय में आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्या भारती के 20 आचार्य/दीदी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्की खमरिया संकुल केंद्र के 30 शिक्षकों एवं 03 सेवा निवृत्त गुरु जनों का श्रीफल एवं अंगवस्त्र से सादर सम्मान किया गया। इस आयोजन में भैया/बहिनों ने स्वागत गीत,भजन,संस्कृत श्लोक,संस्कृत गीत,दोहा,चौपाई,आदि के माध्यम से गुरु जनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। तत्पश्चात समिति के द्वारा भैया-बहिनो एवं फाग मंडल चक्की खमरिया को पुरुष्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ प्रबुद्धजनों एवं ग्राम के सरपंच,उपसरपंच की उपस्थिति सराहनीय रही।

### इग्नू में नये प्रवेश एवं पुर्नपंजीकरण हेतु अंतिम तिथि आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इग्नू के विभिन्न रोजगारोन्मुखी एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में जुलाई-2026 में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई-2026 निर्धारित है। इस संबंध में शासकीय महाविद्यालय बरघाट के इग्नू समन्वयक डा. प्रदीप त्रिवेदी ने बताया कि महाविद्यालय में सन-2007 से इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रम महाविद्यालय में सफलतापूर्वक संचालित किये जा रहे हैं। जिनमें बीए, बीएससी, बी काम, पीजीडीआरडी, सीएफएन, सीएनसीसी, बीलिव, डीआरडी, डीटीसी आदि पाठ्यक्रम सम्मलित है। ज्ञातव्य है कि इग्नू भारत का गौरव विश्वप्रसिद्ध, विशालकाय तथा विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयय है जो नाक से आ++ ग्रेड तथा एनआईआरएफ रैंकिंग में भारत में प्रथम स्थान पर है। इस विश्वविद्यालय ने प्रतिवर्ष 10 लाख विद्यार्थी पंजीकृत होते है। इस विश्वविद्यालय में 300 से अधिक अध्ययन कार्यक्रम संचालित हैं जो कि 21 विद्यापीठ 58 क्षेत्रीय केन्द्र तथा 2300 अध्ययन केन्द्र के माध्यम से संचालित है। इस विश्वविद्यालय के 25 अंतर्राष्ट्रीय स्थल पर केन्द्र स्थापित है। शिक्षार्थी निश्चित रूप से इस शिक्षण संस्थान से जुडक़र लाभ उठा सकते है। उन्होनें कहा कि प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्रायें मोबाइल नंबर 9406763590 पर संपर्क कर सकते है।

# बढ़ती चोरियों पर पुलिस बेअसर, हाईस्कूल बगलई से लाखों की चोरी, 5 दिन पहले लगे 9 नए कम्प्यूटर भी ले उड़े चोर








## 65 इंच स्मार्ट टीवी और CCTV का DVR भी गायब, लगातार वारदातों से दहशत में क्षेत्रवासी लोग बोले, आखिर कब जागेगी पुलिस

**केवलारी / केवलारी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला शासकीय हाई स्कूल बगलई का है, जहां सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये की शासकीय संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया।**

हैरानी की बात यह है कि विद्यालय में महज पांच दिन पहले लगाए गए 9 नए कम्प्यूटर सिस्टम भी चोर उठा ले गए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और लोगों में भारी आक्रोश का माहौल है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, 23 जुलाई को विद्यालय में स्थापित किए गए 9 नए कम्प्यूटर सिस्टम, 2 पुराने CPU, एक 65 इंच का स्मार्ट टीवी तथा सीसीटीवी कैमरों का DVR चोरी हो गया। चोर इतने शातिर थे कि अपनी पहचान छिपाने के लिए CCTV का DVR भी साथ ले गए, जिससे वारदात के महत्वपूर्ण साक्ष्य भी गायब हो गए।

इस घटना ने न केवल लाखों रुपये की शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि विद्यालय की डिजिटल शिक्षा व्यवस्था को भी गहरा झटका दिया है। जिन विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा मिलनी थी, वे अब कम्प्यूटर शिक्षा से वंचित होने की स्थिति में पहुंच गए हैं।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस की रात्रिकालीन गश्त प्रभावी होती और अपराधियों पर समय रहते कार्रवाई होती, तो शायद इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था। अब आमजन सवाल उठा रहे हैं कि आखिर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं और चोरी की घटनाओं का सिलसिला थम क्यों नहीं रहा?

घटना को लेकर क्षेत्र में यह चर्चा भी है कि चोरों को विद्यालय में रखे गए महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की पहले से जानकारी थी। हालांकि इस संबंध में वास्तविक स्थिति पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। विद्यालय प्रबंधन एवं क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस सनसनीखेज चोरी का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए, चोरी गई शासकीय संपत्ति बरामद की जाए तथा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल मजबूत किया जाए।

अब पूरे क्षेत्र की निगाहें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं। लोगों का कहना है कि यदि इस बड़ी चोरी का जल्द खुलासा नहीं हुआ तो कानून-व्यवस्था पर जनता का विश्वास और कमजोर होगा तथा अपराधियों के हौसले और बढ़ सकते हैं।

# टीवी की पिन बदलने के बहाने युवती से छेड़छाड़ का आरोप, इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानदार पर मामला दर्ज

**उगली थाने में शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज, केवलारी पुलिस कर रही जांच**

**केवलारी/सिवनी।** उगली थाना क्षेत्र के ग्राम भोरगोंदी निवासी एक पीड़ित महिला ने उगली स्थित अवधिया इलेक्ट्रॉनिक के संचालक राकेश अवधिया पर छेड़छाड़ एवं अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार, दो दिन पहले उसने उगली स्थित अवधिया इलेक्ट्रॉनिक से एक एलईडी टीवी खरीदा था। घर ले जाकर टीवी चालू करने का प्रयास किया तो उसकी पिन खराब निकली। बाद में अन्य कार्य से उगली जाने पर वह टीवी की पिन बदलवाने के लिए दुकान पहुंची। आरोप है कि दुकान संचालक राकेश अवधिया पिता भुवन लाल अवधिया ने यह कहते हुए कि उसके पिता उसकी शादी की तैयारी कर रहे हैं और दहेज में दी जाने वाली सामग्री ऊपर रखी है, उसे दुकान के ऊपर बने कमरों में सामान दिखाने के बहाने ले गया। वहां अकेला पाकर आरोपी ने कथित रूप से उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसे डराने-धमकाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता किसी तरह वहां से




निकलकर उगली थाना पहुंची और लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी राकेश अवधिया के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पीड़िता के न्यायालय में धारा 164 के तहत बयान भी दर्ज कराए गए हैं। मामले की आगे की जांच केवलारी थाना प्रभारी टीआई पीतम सिंह तिलगाम द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



सिवनी जिले के अंतर्गत पुलिस थाना उगली के ग्राम पिपरिया के पिपरिया टोला में आज एक दर्दनाक हादसा हो गया पुलिस थाना प्रभारी दयाराम शरणागत ने जानकारी दिया कि पिपरिया टोला में 42 वर्षीय युवक जो अपने ससुर के खेत में ट्रैक्टर चलाते समय कल्टीवेटर में धान रोपा ले जा रहा था. जो अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया घटना में उक्त युवक की मौत हो गई. मृतक का नाम मोहन पिता गोविंद सिंह उइके निवासी पिपरिया टोला बताया जा रहा है, पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाया व पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा, फिलहाल खरीफ फसल की धान रोपाई का कार्य प्रगति पर है,बरसात के चलते ट्रैक्टर या अन्य कृषि उपकरण किसानों को सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करना चाहिए।

# भैंस चोरी के बाद ग्रामीणों में आक्रोश, लगातार हो रही चोरियों पर पुलिस कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम चक्कीखमरिया निवासी विनय चौरसिया ने पुलिस अधीक्षक सिवनी को शिकायत आवेदन देकर गांव में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और अपनी भैंस चोरी के मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।**

शिकायत के अनुसार 29 जुलाई 2026 को विनय चौरसिया के घर से 3 भैंस, एक पडिय़ा एवं एक बोदा चोरी हो गए। पीड़ित का कहना है कि उसने इसकी सूचना चौकी बादलपार में दी, लेकिन तत्काल एफआईआर दर्ज करने के बजाय शाम को आने के लिए कहा गया। उनका आरोप है कि यदि उसी समय मामला दर्ज कर घटनास्थल पर जांच की जाती तो खेतों में मिले पैरों के निशानों के आधार पर चोरों तक पहुंचा जा सकता था।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि ग्राम चक्कीखमरिया में पिछले दो-तीन महीनों से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। इनमें 4 मार्च 2026 को हंसा यादव के घर से 7 बकरियां चोरी होना, 16 जुलाई 2026 को भोजराज गोस्वामी के घर से 50 बोरी यूरिया एवं 8 बोरी एनपीके खाद की चोरी तथा उसी दिन पंकज बाजपेयी के खेत की मोटर से कॉपर वायर चोरी होने की घटनाएं शामिल हैं।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि इन सभी मामलों की सूचना चौकी बादलपार को दी गई, लेकिन न तो प्रभावी जांच की गई और न ही शिकायतकर्ताओं को एफआईआर की प्रति उपलब्ध कराई गई। इससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

विनय चौरसिया ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उनकी भैंस चोरी के मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच कराई जाए तथा गांव में हुई अन्य चोरी की घटनाओं की भी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# व्यवस्थाओं के अभाव में जूझ रहा पीपरवानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्टाफ नर्स और एएनएम के भरोसे चल रही स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आदिवासी बाहुल्य कुरई विकासखंड के ग्राम पीपरवानी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर संसाधन एवं स्टाफ की कमी के बीच संचालित हो रही हैं। आम आदमी पार्टी के जिला प्रवक्ता प्रफुल्ल बिटले एवं यूथ विंग जिलाध्यक्ष शशिकांत राय द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किए जाने पर अनेक महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए, जो ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की वास्तविक स्थिति को उजागर करते हैं। निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली कि पीपरवानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी का स्थानांतरण हुए छह माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक उनके स्थान पर नए चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है। चिकित्सक के अभाव में स्वास्थ्य केंद्र की संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था का दायित्व स्टाफ नर्स श्रीमती तरुणा कुर्वे, श्रीमती वर्षा बेलवंशी एवं श्रीमती किरण पटले निभा रही हैं। प्रशासनिक आदेशों के पालन की विवशता में ये स्टाफ नर्सें चिकित्सा अधिकारी के दायित्वों का निर्वहन करते हुए मरीजों का उपचार कर रही हैं।

स्वास्थ्य केंद्र में फार्मासिस्ट का पद भी लंबे समय से रिक्त है। परिणामस्वरूप दवाओं के वितरण एवं फार्मासिस्ट से संबंधित कार्यों का अतिरिक्त दायित्व एएनएम शीतल बघेल, मंजू पटले एवं नेहा बेलवंशी को सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसर की भी नियुक्ति नहीं है, जिससे गंभीर चोट या दुर्घटना के मामलों में मरीजों की प्राथमिक ड्रेसिंग करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्नीशियन का पद भी रिक्त होने के कारण रक्त जांच जैसी सामान्य जांच सुविधाएं नियमित रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरई से सप्ताह में केवल एक या दो दिन लैब टेक्नीशियन भेजे जाते हैं। ऐसी स्थिति में कई




मरीजों को रक्त जांच कराने के लिए कई दिनों तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है, जिससे समय पर उपचार प्रभावित होता है।

**जर्जर आवास और संसाधनों की कमी से बढ़ रही परेशानियां, कर्मचारियों के लिए भी चुनौती बना स्वास्थ्य केंद्र-** निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों के लिए पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। शासकीय कर्मचारियों के लिए केवल तीन आवास बने हुए हैं, जिनकी स्थिति अत्यंत जर्जर है। बरसात के दिनों में आवासों की छतों से पानी टपकता है। सफाई कर्मी श्रीमती ललिता लाहोरिया अपने शासकीय आवास में पानी टपकने से बचने के लिए प्लास्टिक की पन्नी लगाकर रहने को मजबूर हैं। ऐसी परिस्थितियों के कारण कई अधिकारी एवं कर्मचारी यहां पदस्थापना होने के बावजूद लंबे समय तक कार्य करना नहीं चाहते। आप जिला प्रवक्ता प्रफुल्ल बिटले ने कहा कि पीपरवानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लगभग 40 से अधिक गांवों की स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है। दूरस्थ एवं आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण कई किलोमीटर की दूरी तय कर उपचार के लिए यहां पहुंचते हैं। ऐसे में चिकित्सक, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं अन्य आवश्यक कर्मचारियों की कमी सीधे तौर पर ग्रामीणों के स्वास्थ्य अधिकारों को प्रभावित कर रही है । उन्होंने कहा कि यह स्थिति किसी एक कर्मचारी की नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही प्रशासनिक उपेक्षा और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का परिणाम है। सीमित संसाधनों में कार्यरत कर्मचारी अपनी क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, जबकि आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि पीपरवानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल नियमित चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं ड्रेसर की नियुक्ति की जाए। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र परिसर में समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए पर्याप्त संख्या में सर्वसुविधायुक्त शासकीय आवासों का निर्माण कराया जाए, ताकि पूरा स्टाफ अपने कार्यस्थल पर ही निवास कर सके और 24 घंटे निर्बाध, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीणों को उपलब्ध करा सके। वर्तमान में जर्जर एवं अपर्याप्त आवासों के कारण कर्मचारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। यदि कर्मचारियों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराए जाएं तो दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को समय पर बेहतर उपचार मिल सकेगा तथा आपातकालीन परिस्थितियों में भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी रूप से संचालित हो सकेंगी।

इन्हीं मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल 31 जुलाई को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर महोदया को विस्तृत ज्ञापन सौंपेगा तथा पीपरवानी सहित कुरई विकासखंड की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार की मांग करेगा। उक्त प्रेस विज्ञप्ति आम आदमी पार्टी जिला प्रवक्ता प्रफुल्ल बिटले द्वारा जारी की गई ।

# अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर बाघ संरक्षण को जन भागीदारी बनाने की पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पेंच टाइगर रिजर्व, प्रबंधन सिवनी ने यह किया है कि बाघों का संरक्षण केवल वन विभाग का दायित्व नहीं, बल्कि जनसहभागिता से ही इसकी सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। इसी उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस-2026 के अवसर पर पेंच टाइगर रिजर्व द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों, ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं स्थानीय समुदायों को बाघ एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत 137 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों तथा 130 इको विकास समितियों के माध्यम से 7989 विद्यार्थियों एवं 10881 ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों को बाघ संरक्षण का संदेश दिया गया। इस प्रकार कुल 18870 नागरिकों तक संरक्षण का संदेश प्रभावी रूप से पहुँचाया गया।

विद्यालयों में वन अधिकारियों एवं मैदानी अमले द्वारा जागरूकता व्याख्यान, मल्टीमीडिया प्रस्तुतियाँ, बाघ संरक्षण शपथ तथा संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों को बाघों की पारिस्थितिक महत्ता, जैव विविधता संरक्षण, वनों के महत्व एवं मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

युवाओं एवं विद्यार्थियों की रचनात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए पेंटिंग, पॉट पेंटिंग, एम्ब्रॉयडरी, मेहंदी, रंगोली तथा स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने अपनी कला के जरिए वन्यजीव संरक्षण का प्रभावी संदेश समाज तक पहुँचाया।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक में जिला अस्पताल के विकास का रोडमैप तैयार

# स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन पर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

,कलेक्टर एवं रोगी कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता तथा विधायक श्री दिनेश राय की विशेष उपस्थिति में बुधवार को जिला चिकित्सालय सिवनी में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, अस्पताल की आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाओं को सुदृढ़ करने, वित्तीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा विकास एवं मरम्मत कार्यों से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक की शुरुआत पिछली बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा से हुई। इसके बाद सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. विनोद नावकर द्वारा रोगी कल्याण समिति की आय-व्यय का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। वित्तीय स्थिति की समीक्षा करते हुए विधायक श्री दिनेश राय ने उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया। वहीं कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने समिति की आय में वृद्धि के लिए विभिन्न आय स्रोतों का परीक्षण कर व्यवहारिक एवं प्रभावी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि अस्पताल में आवश्यक सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा सके।

बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं विशेषज्ञ उपचार व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर श्रीमती मीना ने डीएन मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों को निर्धारित रोस्टर एवं समय-सारिणी के अनुसार जिला चिकित्सालय में नियमित रूप से सेवाएं देने के निर्देश दिए। साथ ही जिला चिकित्सालय के सभी चिकित्सकों को ओपीडी समय का कड़ाई से पालन करते हुए समय पर उपस्थित रहकर मरीजों को निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सोनोग्राफी सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने, गर्भवती महिलाओं के लिए संचालित सुमन हेल्पडेस्क के विस्तार तथा जिला चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित होने तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों (गायनेकोलॉजिस्ट) को आवश्यक प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच सुविधा उपलब्ध हो सके।

बैठक में जैव चिकित्सा अपशिष्ट (बायो मेडिकल वेस्ट) के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए वेइंग मशीन सहित आवश्यक उपकरणों की खरीद शासन के प्रचलित भंडार क्रय नियमों के अनुरूप पारदर्शी एवं नियमानुसार प्रक्रिया से करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिला चिकित्सालय परिसर की आंतरिक सडक़ों, भवनों के छज्जों एवं अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों का विस्तृत तकनीकी प्राक्कलन लोक निर्माण विभाग से शीघ्र तैयार कराकर स्वीकृति हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। रोगी कल्याण समिति परिसर में दुकानदारों के लिए शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था, दुकानों के नामांतरण सहित अन्य प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में लंबे समय से अनुपयोगी पड़ी पुरानी एम्बुलेंसों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने आवश्यक मरम्मत एवं फिटनेस परीक्षण के बाद उन्हें पुनः संचालन में लाने के निर्देश दिए, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध हो सके और स्वास्थ्य सेवाएं अधिक प्रभावी बन सकें।

# सफलता की कहानी: आयुष्मान भारत योजना से 2 वर्ष 7 माह के तनवीर ठाकरे के हृदय का सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 2 वर्ष 7 माह के तनवीर ठाकरे, निवासी जेवनारा, विकासखंड बरघाट, के जन्मजात हृदय रोग का सफल उपचार कराया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ने बताया कि तनवीर ठाकरे जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ित था। जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मीणा के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज दुबे के मार्गदर्शन मेंआवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर परिजनों की सहमति से बच्चे को नारायणा हृदयालय, मुंबई (महाराष्ट्र) रेफर किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत 16 जुलाई को नारायणा हृदयालय में तनवीर के हृदय का सफल ऑपरेशन किया



गया। वर्तमान में बच्चा स्वस्थ है तथा चिकित्सकीय देखरेख में निरंतर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से जन्मजात रोगों से पीड़ित बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह सफलता आयुष्मान भारत योजना एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रभावी कार्यप्रणाली का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### 20 % वाले पार्टनर की गिरफ्तारी, 80 % वाले की बल्ले-बल्ले

# चावल घोटाले मामले में पुलिसिया कार्यप्रणाली संदिग्ध!

## गोंदिया-सिवनी के मिलर्स गिरफ्तार, बालाघाट मिलर्स को पकड़ने में पुलिस के छूट रहे पसीने, कांग्रेस ने दी चेतावनी - गिरफ्तारी नहीं तो एसपी कार्यालय का होगा घेराव : विधायक मुंजारे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट में करोड़ों रुपए के चर्चित चावल घोटाले में कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने पुलिस की जांच पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि पुलिस सत्ताधारी पार्टी के दबाव में काम कर रही है और भाजपा जिलाध्यक्ष के रिश्तेदारों को गिरफ्तार नहीं कर रही है।**

विधायक मुंजारे ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए पूछा कि सिवनी और गोंदिया के मिलर्स को गिरफ्तार करने वाली बालाघाट पुलिस हर्ष राईस मिल के संचालक और उसके पार्टनरों को क्यों नहीं पकड़ रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के भाई राजकुमार कावरे की फर्म में 20 प्रतिशत के पार्टनर को गिरफ्तार कर रही है, लेकिन 80 प्रतिशत के पार्टनर को क्यों नहीं।



मुंजारे ने यह भी बताया कि चावल घोटाले की शुरुआत हर्ष राइस मिल से हुई थी, लेकिन पुलिस केवल उनसे पूछताछ कर रही है, गिरफ्तारी नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में रिश्तेदारों के संलिप्त पाए जाने के बाद, भाजपा के पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे और गौरीशंकर बिसेन अपने-अपने रिश्तेदारों को बचाने में लगे हैं।

मामले की जांच कर रही विशेष जांच दल (SIT) द्वारा कार्रवाई को मीडिया से छिपाने पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, जिससे जांच की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर संदेह पैदा होता है। विधायक मुंजारे ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती है, तो कांग्रेस पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करेगी।

# अवैध कॉलोनियों पर एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल का बड़ा एक्शन, 8 लोगों पर एफआईआर के निर्देश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में शासकीय भूमि पर अवैध प्लॉटिंग और कॉलोनी विकास के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने ग्राम गर्रा, तहसील लालबर्रा में अवैध कॉलोनियों के दो अलग-अलग मामलों में कुल आठ लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जारी किए हैं।23 जुलाई 2026 को पारित आदेश के अनुसार तहसीलदार लालबर्रा की जांच में सामने आया कि ग्राम गर्रा के विभिन्न खसरा नंबरों की भूमि पर सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना अवैध प्लॉटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही थी। जांच के दौरान कॉलोनी विकास से संबंधित आवश्यक स्वीकृतियां, ले-आउट अनुमोदन एवं विकास अनुज्ञा प्रस्तुत नहीं की गई। साथ ही शासकीय भूमि पर कच्ची सड़क, पुलिया एवं अन्य निर्माण कर अतिक्रमण किए जाने की भी पुष्टि हुई।एसडीएम न्यायालय ने मामले को मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 61-घ के तहत गंभीर मानते हुए पूर्व में जारी नोटिसों और सुनवाई के बावजूद संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कार्रवाई के आदेश दिए। पहले प्रकरण में जितेन्द्र उर्फ बुलेश्वर डहाके, अनीता राजेश टेम्भरे, अर्चना देवेन्द्र बोपेचे एवं सुनील वल्द लोखिराम हनवत के विरुद्ध, जबकि दूसरे प्रकरण में दिलीप भैरम, जितेन्द्र वल्द बुलेश्वर, सोमेश्वर वल्द मोहनसिंह गोंड एवं इंदिरा जौजे उत्तमचंद कोठारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित हल्का पटवारी को आदेश का तत्काल पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में एफआईआर दर्ज कराने और उसकी प्रति न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही तहसीलदार लालबर्रा को भविष्य में संबंधित व्यक्तियों द्वारा अवैध भू-खंडों के विक्रय या निर्माण की सूचना मिलते ही तत्काल न्यायालय को अवगत कराने के निर्देश भी दिए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई को जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर वन परिक्षेत्र बालाघाट ने विभिन्न आयोजन कर जागरूकता फैलाई

## हमारा लक्ष्य भावी पीढ़ी और ग्रामीण समुदायों को बाघ संरक्षण की मुख्यधारा से जोड़ना : हिमांशु राय





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस 29 जुलाई 2026 के अवसर पर गौरव चौधरी वन संरक्षक बालाघाट, नित्यानंदम एल वन मंडल अधिकारी, दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के मार्गदर्शन एंव गणेश उइके उप वनमंडल अधिकारी बालाघाट सामान्य के नेतृत्व में, दक्षिण सामान्य वनमंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र बालाघाट सामान्य के अंतर्गत वन्यजीव संरक्षण और बाघों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

वन परिक्षेत्र के अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में विद्यार्थियों के लिए वन्यजीव संरक्षण पर आधारित वाद-विवाद, निबंध लेखन और ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को बाघ संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेकाडी में विद्यार्थियों और स्टाफ द्वारा संकल्प शपथ ली गई, जिसके बाद क्षेत्र में एक विशाल पर्यावरण व बाघ जागरूकता रैली निकाली गई। इसके अतिरिक्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहनपुर में छात्र-छात्राओं ने चित्रकला, रंगोली और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बाघों के महत्व को अपनी कला और शब्दों में उकेरा। वन्यप्राणियों और वनों की सुरक्षा में जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वन सुरक्षा समिति कटंगी बोरी, रट्टा, और धनसुआ में विशेष बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में वन विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों ने मिलकर बाघों के संरक्षण और वनों की सुरक्षा पर रणनीति तैयार की। वहीं, वन सुरक्षा समिति जरेरा में बैठक के साथ-साथ ग्रामीणों और वन अमले द्वारा एक भव्य जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें नारों और पोस्टरों के जरिए वन्यजीव-मानव द्वंद्व को कम करने और बाघों के प्राकृतिक आवास को बचाने का संदेश दिया। इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य भावी पीढ़ी और ग्रामीण समुदायों को बाघ संरक्षण की मुख्यधारा से जोड़ना है ताकि इस अमूल्य राष्ट्रीय धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके। सभी आयोजनों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के मैदानी अमले, शिक्षकों और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं व ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा, दिगम्बर पारधी वनपाल, चित्तोड़सिंह भोयर वनपाल, रोहित सिंघनदुपे वनरक्षक, दिनेश मेरावी वनरक्षक, भागचंद भारतीया वनरक्षक, युगलकिशोर भगत वनपाल, कांतिलाल भुरे वनपाल, राकेश भगत वनपाल, सतीश दाण्डेकर वनपाल, चंदनलाल वनरक्षक, कु. सुरभि शाक्य वनरक्षक, देवानंद मेश्राम, श्रीमति पुर्णिमा धुर्वे वनपाल, ओमप्रकाश दमाहे वनरक्षक, लोकेश मालेश वनरक्षक, प्रकाश साहू, गोविंद मर्सकोले, मनीष सिन्हा उपवन क्षेत्रपाल, दीपचंद वासुदेव, शोहेब सिद्दीकी, जयराम घोरमारे।

# संदीपनी स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत कटंगी के संदीपनी स्कूल में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों और आम नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और ष्स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के संकल्प को मजबूत करना था। रैली की शुरुआत संदीपनी स्कूल परिसर से हुई और यह शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए सिनेमा चौक पर संपन्न हुई। हाथों में तख्तियां, बैनर और झंडे लिए 300 से अधिक विद्यार्थियों ने स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ, एक कदम स्वच्छता की ओर, गुरु का आदेश - परिसर रखें स्वच्छ जैसे नारे लगाते हुए पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर खींचा। रैली में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक और स्कूल प्रबंधन भी शामिल हुआ। रास्ते में विद्यार्थियों ने दुकानदारों और राहगीरों को कचरा डस्टबिन में डालने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने और अपने आसपास सफाई रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में प्राचार्य यतीन्द्र कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु हमें केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की राह भी दिखाते हैं। स्वच्छता भी उसी शिक्षा का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा हमें अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और समाज के प्रति कर्तव्य दोनों निभाने का अवसर देता है। इस पखवाड़े के नोडल अधिकारी श्यामकमल गौतम और निर्दोष डोंगरे ने कहा कि स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना है। यदि बच्चे स्वच्छता का संकल्प ले लें तो पूरा परिवार और समाज बदल सकता है। रैली के प्रभारी रंजीत कुमार मेश्राम और विशाल राऊतकर ने रैली का संचालन किया और अनुशासन के साथ विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। रैली को सफल बनाने में शिक्षक ऋषभ ठाकुर, फूलचंद शिव, हेमराज लिल्होरे, दीपक चौधरी, शिवप्रसाद सोनवाने, यवनलाल राहुड़, दिनेश बिसेन, संजीव प्रसाद उपाध्याय, श्रीमती साधना पटले, प्रियंका पटले, जयश्री सोनी, संगीता राहंगडाले, हीना राहंगडाले, लीना शरणागत, सोनम नेवारे, नीतू झोड़े, करूणा धुर्व, अरूणा शेख आदि ने रैली के दौरान विद्यार्थियों के साथ कदम से कदम मिलाकर नारे लगाए और आम लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

### जिले में 30, जुलाई तक 614 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 01 जून से 30 जुलाई 2026 तक कुल 614 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष 2025 में इसी अवधि में 818 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है और इसमें से 756 मिलीमीटर वर्षा 01 जून से 30 जुलाई 2026 की अवधि में हो जाना चाहिए।

# पीजी कॉलेज में मानसिक सशक्तिकरण, डिजिटल वेलनेस एवं जीवन मूल्यों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में गुरुवार को ब्रह्माकुमारीज उपवन के तत्वावधान में सार्वभौमिक जीवन मूल्य जागृति अभियान के अंतर्गत मानसिक सशक्तिकरण, डिजिटल वेलनेस, व्यसन मुक्ति एवं जीवन मूल्यों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजऋषि चोपड़ा ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज एक वैश्विक आध्यात्मिक संस्था है, जो राजयोग ध्यान, मानवीय मूल्यों के विकास तथा विश्व शांति के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को राजयोग ध्यान का अभ्यास कराते हुए आत्म-जागरूकता और मानसिक संतुलन बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। ब्रह्माकुमारी उर्वशी दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था का उद्देश्य आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से मानव जीवन में नैतिक मूल्यों, सकारात्मक सोच एवं आत्मिक चेतना का विकास करना है।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति के विचार ही उसके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, इसलिए सकारात्मक सोच को जीवन का आधार बनाना चाहिए।कार्यक्रम में माधुरी बेन दीदी ने जीवन मूल्यों एवं संस्कारों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बच्चों में बचपन से ही अच्छे संस्कार विकसित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि राजयोग और ध्यान के माध्यम से आत्म-जागरूकता बढ़ती है तथा व्यक्ति तनावमुक्त, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त करता है। महाविद्यालय के गणित विभाग के डॉ. योगेश विजयवार ने भी योग, ध्यान एवं जीवन मूल्यों के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों से इन मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे, भारतीय ज्ञान परंपरा नोडल अधिकारी डॉ. कंचन मसराम एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. रचना कोरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन में डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे, डॉ. संतोष कुमार लिल्हारे, प्रो. चित्रमाला भीमटे, प्रो. सविता गेड़ाम सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. संतोष कुमार लिल्हारे ने किया।

# डायरिया रोको अभियानः बोरी-भंडारखोह में पीएचई विभाग ने सिखाई स्वच्छता और शुद्ध पेयजल की अहमियत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले में जलजनित बीमारियों की रोकथाम और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 'डायरिया रोको अभियान' के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उइके के मार्गदर्शन में पीएचई विभाग के उपखंड बालाघाट द्वारा ग्राम बोरी एवं भंडारखोह के स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम में पीएचई विभाग के मैदानी अमले ने शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों को दूषित पेयजल से होने वाली बीमारियों, विशेषकर डायरिया से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। लोगों को सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता और व्यक्तिगत साफ-सफाई अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।



**एफटीके किट से दिखाई पेयजल की गुणवत्ता की लाइव जांचः** कार्यक्रम के दौरान पीएचई विभाग की शीतल मिश्रा, हरीश झा तथा रानी सिंह राजपूत ने फील्ड टेस्ट किट (FTK) के माध्यम से पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता की लाइव जांच कर प्रदर्शित की। उन्होंने बताया कि इस किट से पानी में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन और पीएच स्तर की जांच आसानी से की जा सकती है। ग्रामीणों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वयं एफटीके किट का उपयोग करना भी सिखाया गया, ताकि वे अपने गांवों में पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच कर सकें। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने भी अपने घरों से लाए गए पानी के नमूनों की जांच कर इसकी प्रक्रिया को समझा।

**हैंडवॉश के छह चरणों का कराया अभ्यासः**डायरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता को सबसे प्रभावी उपाय बताते हुए पीएचई विभाग की टीम ने बच्चों और ग्रामीणों को हैंडवॉश के छह चरणों का लाइव प्रदर्शन कराया। इसमें हथेली से हथेली रगड़ना, हाथों के पीछे की सफाई, उंगलियों के बीच की सफाई, अंगूठे एवं नाखूनों की अच्छी तरह सफाई तथा कलाई धोने की सही विधि बताई गई। बच्चों को समझाया गया कि भोजन करने से पहले और शौच के बाद कम से कम 20 सेकंड तक साबुन से हाथ धोना क्यों आवश्यक है।

**बारिश के मौसम में बरतें विशेष सावधानीः** विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को सलाह दी कि वर्षा ऋतु में जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में पेयजल के बर्तनों को हमेशा ढककर रखें, पानी निकालने के लिए डंडी वाले लोटे का उपयोग करें तथा घरों के आसपास जलभराव न होने दें। साथ ही स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और सुरक्षित पेयजल का उपयोग करने पर विशेष जोर दिया गया।

# हाइब्रिड मोड से उर्वरक वितरण व्यवस्था को लेकर कृषि विभाग की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



किसानों को समय पर एवं पारदर्शी तरीके से उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, किरनापुर में प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री संजय उके की अध्यक्षता में शासकीय संस्थाओं एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।बैठक में कृषि विस्तार अधिकारी श्री राजकुमार घरडे एवं श्री दिव्य पटले ने उपस्थित अधिकारियों एवं उर्वरक विक्रेताओं को शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप हाइब्रिड मोड के माध्यम से उर्वरक वितरण की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसानों को उर्वरकों का वितरण पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित एवं निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाना आवश्यक है, ताकि प्रत्येक पात्र किसान को समय पर आवश्यक उर्वरक उपलब्ध हो सके।बैठक में उर्वरक वितरण के दौरान अपनाई जाने वाली ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रक्रियाओं, स्टॉक के नियमित संधारण, किसानों के पंजीयन, वितरण अभिलेखों के रख-रखाव तथा शासन के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सभी शासकीय संस्थाओं एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे उपलब्ध स्टॉक की नियमित जानकारी अपडेट रखें तथा किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें।प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री संजय उके ने कहा कि खरीफ मौसम में उर्वरकों की मांग को देखते हुए सभी विक्रेता समन्वय के साथ कार्य करें और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किसानों को उर्वरकों का वितरण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी शासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं ने शासन के निर्देशों का पालन करते हुए किसानों को समय पर एवं सुचारु रूप से उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

### शक्ति विद्या मंदिर कॉलेज में हुआ आयोजन

**कटंगी।** युवाओं को नशे की लत से दूर कर उन्हें स्वस्थ और शिक्षित जीवन की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से शक्ति विद्या मंदिर कॉलेज कटंगी में नशे से दूरी जरूरी 2.0 जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन, थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुशराम के उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा कि आज का युवा ही देश का भविष्य है, लेकिन नशे की लत इस भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि नशा न केवल शरीर को खोखला करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी तोड़ता है। नशे से दूरी बनाकर ही आप अपने सपनों को उड़ान दे सकते हैं। केसर बिसेन ने कहा कि शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे केवल किताबी ज्ञान न दें, बल्कि बच्चों को सामाजिक बुराइयों से भी बचाएं।

# शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड में 31 जुलाई तक प्रवेश का अंतिम अवसर, विद्यार्थी समय रहते प्रवेश सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड के प्राचार्य डॉ. एम. के. धुर्वे ने बताया कि मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है तथा 31 जुलाई 2026 प्रवेश की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने जिले के समस्त पात्र विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र ऑनलाइन पंजीयन एवं प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।महाविद्यालय के प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. एस. एल. मंडावी एवं प्रो. स्वाति सिंह ने जानकारी दी कि महाविद्यालय में विभिन्न संकायों एवं विषयों में प्रवेश हेतु 663 सीटें उपलब्ध हैं। इच्छुक विद्यार्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय के प्रवेश सहायता केंद्र में उपस्थित होकर ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं तकनीकी सहायता महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध कराई जा रही है।महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अंतिम तिथि से पूर्व प्रवेश लेकर अपने शैक्षणिक भविष्य को सुरक्षित करे।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING | PHARMACY | AGRICULTURE
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111